## एक नजर में

### विद्युत केबल में आग लगने से मचा हड़कंप

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** गुरुवार को मुख्य बाजार निकासा में एक सोने चांदी की दुकान के पास विद्युत खंभा लगा हुआ था. इस खंभे पर लगी हुई केबल में अचानक आग लग गई और धीरे-धीरे आग बढ़ती जा रही थी। जैसे ही आग की जानकारी दुकानदार और आसपास के लोगों को लगी तो उन्होंने तुरंत ही फायर ब्रिगेड और विद्युत मंडल के कर्मचारियों को सूचित किया, जिस पर लाइट बंद कर आग को बुझाया गया. लोगों की सतर्कता से बड़ी घटना होने से टल गई. निकासा में एक विद्युत खंभे पर लटक रही केबल में धीरे-धीरे आग लगने लगी. आग धीरे-धीरे बढ़ती जा रही थी. यह तो गनीमत रही की विद्युत पोल घरों से थोड़े दूरी पर होने के कारण किसी प्रकार की कोई घटना घटित नहीं हो पाई नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी. लोगों का कहना था कि खंभों पर बड़ी मात्रा में केबल लटक रही हैं, जिसके कारण से हर कभी आग लगने की घटनाएं घटित होती रहती हैं.

### कम्पोजिट पीट का शुभारंभ, स्वच्छ सांची का लिया संकल्प

नवभारत न्यूज

**सांची,** नगर परिषद प्रशासन द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत गणेश उत्सव में कम्पोजिट पीट मटका खाद का शुभारंभ किया गया. इस प्रक्रिया के अंतर्गत फूल-पत्तियों जैसे गीले कचरे से खाद तैयार की जाएगी.वार्ड 9 के नवयुवकों ने इस पहल को अपनाते हुए गणेश पंडाल में उपस्थित गगन सिंह लोधी एवं समिति कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर स्वच्छ सांची का संकल्प लिया.कार्यक्रम के दौरान आस्था सामाजिक कल्याण समिति ने स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के तहत नगरवासियों को जागरूक किया और स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया.इसी क्रम में नगर में स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं.इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

### जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर कार्यक्रम आज

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बबलू बताया कि जश्ने ईद मिलादुन्नबी मोहम्मद साहब का जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है.इस दिन पूरे देश एवं जिले के अंदर मस्जिदों में कुरान खानी ए वम गरीबों को खाना तस्कीन किया जाता है.ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिले के प्रवक्ता जैद अहमद इस दिन त्योहार कमेटी जिला लेवल पर एक पौधा लगाएगी एवं मस्जिदों में कुरान खानी करवाएगी. जेद ने बताया कि 5 तारीख दिन जमा को 2 बजे बड़ी बजरिया से ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में बड़ी तादाद में मुस्लिम समाज का एक जुलूस निकाला जाएगा.इस जुलूस की अध्यक्षता चौधरी जुबेर अहमद पाशा करेंगे. उक्त जानकारी ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिले के प्रवक्ता जेद अहमद ने दी.


♦ शव वाहन / फ्रीज़र
♦ ब्लड ग्रुप लिस्ट
♦ मरीज इलाज उपकरण
♦ पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
♦ देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

निःशुल्क सेवा

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें

बजने लगा है

विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित

सुनो RADIO

प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से


# अधिकारी दबा रखे हैं फाइलें, नहीं हो रहे काम-गीता

**खास बातें**

- राज्य मंत्री दर्ज प्राप्त जिपं अध्यक्ष को कलेक्टर से लगाना पड़ रही गुहार
- प्रमुख सचिव और आयुक्त को भी भेजा शिकायती पत्र
- बिना कारण के 2 से 3 महीनों तक लटकाये जा रहे काम



**गैर हाजिर अधिकारियों की लापरवाही आई सामने**

बैठक में लटेरी, सिरोंज एवं गंजबासौदा को छोड़कर अन्य सभी सहायक यंत्री, मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग अनुचित रूप से अनुपस्थित रहे, जो अधिकारियों की लापरवाही और कार्य के प्रति उदासीनता का प्रतीक है.

नवभारत न्यूज

**विदिशा, जिला पंचायत में भी सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है. यहां पर बिना कारणों के फाईलों को महीनों तक लटकाकर रखा जा रहा है. विभागों के अधिकारी बैठकों में नहीं पहुंचते हैं.पंचायतों के कई कई अटके पड़े हैं.अधिकारियों का रवैया गैर जिम्मेदाराना नजर आ रहा है.इन तमाम परेशानियों से जूझ रहीं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त जिला पंचायत अध्यक्ष व जिंप के सदस्यों ने गुरूवार को जिला पंचायत में बैठक का आयोजन किया जिसमें कई अधिकारी शामिल नहीं हुए.**

इस बात से खफा जिपं अध्यक्ष और सदस्य गुहान लगाने के लिए कलेक्टर के पास पहुंचे और जिला पंचायत में चल रही अधिकारियों की मनमानी को उजागर किया. मामला यहीं शांत नहीं हुआ जिपं अध्यक्ष और सदस्यों ने इसकी शिकायत आयुक्त से लेकन विभाग के प्रमुख सचिव से तक की गई है और उनको शिकायती आवदेन भी भेजा है. जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी के नेतृत्व में जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं सभी जिला पंचायत सदस्यों ने कलेक्टर विदिशा से मुलाकात की. बैठक में विरोध दर्ज कराया गया कि जिला पंचायत कार्यालय में भुगतान, तकनीकी स्वीकृति एवं प्रशासकीय स्वीकृति की फाइलें महीनों तक जानबूझकर लंबित रखी जा रही हैं, जिससे ग्राम पंचायतों के विकास के काम ठप पड़े हैं. यह रवैया पूरी तरह से गैरजिम्मेदाराना और जनविरोधी है.

**किया कार्यालया का निरीक्षण, मिलीं कमियां**

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने लेखाधिकारी एवं उनकी सहायिका के कक्ष का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए कि अभी तक 28 तकनीकी स्वीकृतियाँ एवं अन्य फाइलें पिछले दो-तीन माह से बिना किसी कारण के लंबित पड़ी हुई हैं. जिससे नजर आ रहा है कि अधिकारियों की यह टालमटोल प्रवृत्ति सीधे-सीधे ग्रामीण जनता के साथ विश्वासघात है. जिला पंचायत अध्यक्ष ने इस पूरे प्रकरण की निरीक्षण प्रतिवेदन रिपोर्ट आयुक्त भोपाल एवं प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को भेजकर अधिकारियों पर कड़ी से कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग की गई है. साथ ही, बैठक में अनुपस्थित रहे अधिकारियों पर कार्यवाही हेतु पंचायत मंत्री, प्रमुख सचिव एवं आयुक्त भोपाल को अलग से पत्र लिखा गया है, जिसकी प्रतिलिपि कलेक्टर विदिशा को भी सौंपी गई है.



# चौपाल सागर के पास पेट्रोल पंप में आग, कोई हताहत नहीं

नवभारत न्यूज

**विदिशा 4 सितम्बर,** ढोलखेड़ी चौराहे के पास स्थित चौपाल सागर के समीप बने पेट्रोल पंप में गुरुवार की दोपहर अचानक आग लगने की घटना सामने आई. यह स्थान विदिशा-अशोकनगर मार्ग पर शहर से लगभग 5 किलोमीटर दूर है. आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि प्राथमिक जानकारी के अनुसार शॉर्ट सर्किट को वजह माना जा रहा है. चौपाल सागर के एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि लगभग दोपहर करीब 2 बजे आग लगी थी, जिसे थोड़ी ही देर में नियंत्रण में ले लिया गया. सुरक्षा की दृष्टि से फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गई थी गनिमत यह रही किकसी प्रकार की जनहानि या बड़ा नुकसान नहीं हुआ.

# कथा में बह रही भक्ति की बयार

**श्री राम-कृष्ण जन्म की कथा का किया वर्णन**



नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** ग्राम हरिपुर में चल रही सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा एवं श्री रामकथा में भक्तिमय वातावरण का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है. कथा के तीसरे दिन श्री रामकथा का वाचन करते हुए कथा व्यास देवी बृज किशोरी ने भगवान श्रीराम के जन्म की कथा का वर्णन किया. उन्होंने श्रीराम जन्म के प्रसंग को अत्यंत मार्मिक और भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करते हुए बताया कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के जन्म से संपूर्ण धरती पर आनंद और उल्लास छा गया. कथा श्रवण करते हुए श्रद्धालु भक्तजन भक्ति भाव में सराबोर हो उठे और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा पंडाल गूंज उठा. श्री मद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास अंकित कृष्ण बटुक ने भक्त प्रहलाद और हिरण्य कश्यप की कथा का वर्णन किया. उन्होंने बताया कि भक्त प्रहलाद ने कठिन परिस्थितियों के बाद भी भगवान की भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा. कथा के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि सच्चा भक्त विपरीत परिस्थितियों में भी ईश्वर का स्मरण नहीं छोड़ता. इसके साथ ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भी वर्णन किया. श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग पर भक्तों ने नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के भजनों पर नृत्य कर भगवान का जन्मोत्सव मनाया. हरिपुर में चल रही यह धार्मिक श्रृंखला लोगों के लिए अध्यात्म, भक्ति और आनंद का अद्वितीय अवसर बन गई है. इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे.

# रेप के आरोपी को फांसी देने की मांग

**जिला महिला कांग्रेस कमेटी ने दिया ज्ञापन**



नवभारत न्यूज

**विदिशा, गुरुवार को महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बासौदा में एक नाबालिगबेटी के साथ ऑटो चालक द्वारा किए गए दुराचार के मामले में फांसी की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया.इस दौरान उन्होंने मांग की है कि अपराधी ऑटो चालकों के लाइसेंस निरस्त किया जाए और कठोर कार्रवाई की जाए.**

बासौदा में 5 वर्षीय नाबालिक के साथ ऑटो चालक द्वारा दो दिन पहले दुराचार करने का मामला सामने आया था जिस पर पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. इसी मामले को लेकर महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष प्रियंका किरार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता ने ज्ञापन दिया गया. इस दौरान महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष प्रियंका किरार ने बताया कि पहले तो बड़े-बड़े महानगरों और बड़े शहरों में इस प्रकार की घटनाएं सामने आई थी, लेकिन अब छोटे छोटे शहरों में भी नाबालिग बेटियां सुरक्षित नहीं बची हैं. उन्होंने कहा कि आरोपी ऑटो चालक को फांसी की सजा दी जानी चाहिए ताकि इस प्रकार की घटनाएं आगे घटित न हो सके.उन्होंने कहा कि जिले के सभी ऑटो चालकों का रिकॉर्ड की जांच की जाना चाहिए अगर कोई अपराधिक किस्म का चालक ऑटो चला रहा है तो उसका लाइसेंस निरस्त करते हुए कार्रवाई करना चाहिए ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके.इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और महिला कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थी.

## मकोड़िया बांध निर्माण संघर्ष समिति ने दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** गुरूवार को मकोडिया बांध निर्माण संघर्ष समिति द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। मकोडिया बांध निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष और मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री, वर्तमान में विदिशा सांसद और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा के किसानों के साथ अन्याय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम प्रेषित ज्ञापन प्रशासन को दिया.ज्ञापन में कहा गया कि पिछले माह अगस्त में एक अशासकीय पत्र लिखकर हैदरगढ़ क्षेत्र में बावना नदी पर बनने वाले बावना बांध के कार्य को रुकवा दिया. हैदरगढ़ क्षेत्र के पडरिया नौरजा गांव में वह बावना नदी पर प्रस्तावित बावना बांध बनने से हैदरगढ़ क्षेत्र के 40 से अधिक गांव में 10000 हेक्टर कृषि भूमि पर किसानों को सिंचाई सुविधा प्राप्त होती.कुछ कार्यकर्ताओं को लाभ देने बावना बांध का काम रुकवा दिया गया.इस अवसर पर मकोडिया बांध निर्माण संघर्ष समिति के नरेंद्र सिंह दांगी, मनोज जैन बांसल, नरेंद्र शर्मा तुमैना, अरुण अवस्थी, संदीप अमावते, सुमित वैध, मंगल सिंह ठाकुर, हनी गुप्ता आदि उपस्थित थे.

## नपा की गौशाला में पहुंचाया 100 से अधिक मवेशियों को



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** नगर पालिका परिषद द्वारा ग्राम बनवा में बनवाई गई अस्थाई गौशाला में शताधिक मवेशियों को भेज दिया गया है. यह मवेशी नगर के मुख्य सड़कों पर विचरण करते थे और इनके कारण वाहन चालकों और नागरिकों को काफी असुविधा उठानी पड़ रही थी. इस गौशाला में मवेशियों को खाने के लिए भूसा और पानी की व्यवस्था की गई है. करीब 8 बीघा कि इस गौशाला में टीन शेड लगवाया गया है और परिसर में सीमेंट कंक्रीट की गई है. गत दिवस जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता, नपाध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव, एसडीएम श्री बिटोलिया ने गौशाला पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया.इसी गौशाला का कुछ दिन पूर्व क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव सहित अन्य पार्षदों ने भी निरीक्षण किया था.इस गौशाला में नगर पालिका द्वारा कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है ताकि इसका संचालन ठीक से हो सके और गौ माता को रहने खाने पीने की व्यवस्था सही चलती रहे.

वहीं सीएमओ रवि प्रकाश श्रीवास्तव का कहना है कि सड़कों पर घूम रहे मवेशियों को प्रतिदिन अभियान चलाकर पकड़ा जाता है और उन्हें वाहन के माध्यम से नपा की गौशाला भिजवाया जा रहा है. ताकि मुख्य सड़कों पर आवागमन में कोई समस्या खड़ी ना हो.

## सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन ने किया शिक्षकों का सम्मान

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** शिक्षक दिवस के अवसर पर सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन द्वारा बाल मित्र ग्राम साहबा, लेहदरा, औरंगपुर सहित आसपास के ग्रामों में शिक्षकों का सम्मान किया गया. इस अवसर पर शिक्षकों को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी की प्रेरणादायी पुस्तक करुणा की चिंगारी एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया गया.कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज का सच्चा मार्गदर्शक होता है, जो बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और जीवन के मूल्यों से जोड़ता है.ग्रामीण स्तर पर शिक्षक बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता और बेहतर भविष्य की नींव रखने में अहम भूमिका निभा रहे हैं.इस अवसर पर ग्रामीणों और बच्चों ने भी शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया और कार्यक्रम को सार्थक बनाया.

## पर्यावरण संरक्षण विषयक कार्यशाला का आयोजन



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** जिला न्यायालय के वीसी कक्ष में पर्यावरण संबंधी अधिनियम, नियम, प्रदूषण के प्रभाव एवं पर्यावरण क्षरण विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई.कार्यशाला में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड नितेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पंच 'ज' तत्वों का संतुलन अनिवार्य है. जीवन शैली में सुधार और वृक्षारोपण, जल संरक्षण एवं शुद्धता की दिशा में निरंतर कार्य करना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि प्रदूषण उत्पन्न करने वाले कारकों व गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाना ही समय की मांग है.यदि हम मानव सभ्यता को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो पर्यावरण संरक्षण ही एकमात्र विकल्प है.तोमर ने यह भी कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य सभी हितधारकों एवं विभागों को एक मंच पर लाकर समस्याओं पर चर्चा करना और समाधान की दिशा में प्रयास करना है. यह जन-जागरूकता का प्रभावी साधन है.

## संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा हुयी संपन्न

नववभारत न्यूज

**कुरवाई,** ग्राम लचायरा में विगत एक सप्ताह से चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का गत दिवस समापन हुआ, आयोजन में पार्थिव षिवलिंग भी बनाये गये, कार्यक्रम के मुख्ययजमान ग्राम के समाजसेवी जमनाप्रसाद शांतिबाई लोधी बनाये गये. आयोजक भाजपा मण्डल अध्यक्ष एवं सरपंच राजेष लोधी, सुरेन्द्र लोधी, अनिल लोधी के द्वारा समापन अवसर पर कथा व्यास पं.संदीप शास्त्री, तथा यज्ञाचार्य पं.मनोज दुवे मुख्यअतिथि विधायक हरिसिंह सप्रे, प्रषासनिक अधिकारी सीईओ जनपद आयुष अग्रवाल, टीआई पंकज गीते, सहित आयोजन में सम्मिलित हुए अतिथियों का सम्मान किया गया.इस मौके पर ग्यारसपुर जनपद अध्यक्ष ब्रिजेष लोधी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पं.टीकाराम तिवारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लाखनसिंह दांगी करैया, पूर्व नपा अध्यक्ष गिरजेष साहू, व जगदीष साहू, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री मुकेष तिवारी, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सीताराम सैनी आदि शामिल थे.

**कार्यक्रम** | **एसपी ने 27 डायल-112 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

# डायल 100 नहीं, दिक्कत में हो तो 112 पर करें कॉल



नवभारत न्यूज

**विदिशा 4 सितम्बर,** परेशानी आने पर पुलिस को बुलाने के लिए अभी तक डायल 100 पर कॉल किया जाता था, लेकिन अब परेशानी आने या पुलिस को बुलाने के लिए 112 पर कॉल करना होगा. गुरूवार को पुलिस परेड पुलिस लाइन, विदिशा में एसपी रोहित काशवानी एवं एएसपी डॉ. प्रशांत चौब ने हरी झंडी दिखाकर डायल-112 फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल (एफआरवी) शुरूआत की है जिसके बाद शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया, जिससे नागरिकों को नई आपातकालीन सेवा की जानकारी दी गई और सुरक्षा का संदेश दिया. नागरिकों की सुरक्षा और त्वरित पुलिस सहायता सुनिश्चित करने हेतु मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जिले को कुल 27 नवीन एफआरवी वाहन प्राप्त हुए हैं, जिसमें 18 बुलेरो और 9 स्कॉर्पियो शामिल हैं. यह सेवा पूर्व से संचालित आपातकालीन पुलिस सेवा का आधुनिकीकरण है, जो अब और अधिक समन्वित, तेज एवं प्रभावी होगी. डायल-112 राष्ट्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और आपदा प्रबंधन जैसी एजेंसियों को एकीकृत करती है. सभी वाहन थाना क्षेत्रों के अनुसार निर्धारित नोडल प्वाइंट्स पर ड्यूटी में तैनात रहेंगे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं, अपराध की रोकथाम और अन्य आपात परिस्थितियों में नागरिकों को त्वरित सहायता मिलेगी.

**डायल-112 कार्यप्रणाली**

किसी भी नागरिक द्वारा आपात स्थिति में 112 डायल करने पर कॉल सीधे भोपाल स्थित राज्य स्तरीय कंट्रोल एंड कमांड सेंटर पर पहुंचेगी. कॉल टेकर समस्या का विवरण लेकर इवेंट बनाएगा, जिसे संबंधित जिले के डिस्पैचर द्वारा नजदीकी एफआरवी को भेजा जाएगा. वाहन में मौजूद ड्यूटी अधिकारी 112 ऐप या एमडीटी डिवाइस से इवेंट स्वीकार कर मौके की ओर रवाना होंगे. रवाना होते समय, स्थल पर पहुंचने और कार्यवाही पूर्ण कर का समय की पूरी जानकारी रहेगी. विदिशा जिले में गुरूवार की रात 10 बजे से डायल-112 सेवा औपचारिक रूप से प्रारंभ हो जाएगी. इस कार्यक्रम में रेडियो प्रभारी निरीक्षक नितिन काकोडिया, थाना प्रभारी सिविल लाइन आर.के मिश्रा, महिला थाना प्रभारी उर्मिला यादव, यातायात थाना प्रभारी आशीष राय, रक्षित निरीक्षक भूर सिंह चौहान समेत सूबेदार मेघा शर्मा, सूबेदार हिरदय सिंह तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे.

**नई तकनीक से साथ मैदान में उतरी एफआरवी**

एसपी ने बताया कि नवीन एफआरवी वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम कंट्रोल रूम से रीयल-टाइम लोकेशन मॉनिटरिंग.वायरलेस और संचार उपकरण तुरंत संवाद व सूचना साझा करने के लिए. बॉडीवॉर्न कैमरा, डैश कैमरा, सायरन व पब्लिक एड्रेस सिस्टम, अपराधियों पर नजर, भीड़ नियंत्रण और प्रतिक्रिया समय सुधारने में सहायक. फर्स्ट एड किट, स्ट्रेचर व अग्निशमन यंत्र , दुर्घटनाओं व आपात स्थितियों में त्वरित चिकित्सा एवं राहत. एचआरएमएस सॉफ्टवेयर व वाहन मेंटेनेंस सिस्टम बेहतर संचालन.

## गणेश उत्सव, पर्यूषण पर्व, ईद मिलाद उन नबी को लेकर शांति समिति बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

**पठारी, श्री गणेश महोत्सव, पर्यूषण पर्व, ईद मिलाद उन नबी त्योहार को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.जिसमें सभी को शांति, सद्भाव, भाईचारा से महापर्व मनाने की अपील की गई.**

थाना परिसर में शांति समिति की बैठक एसडीओपी मनीष जैन एवं एसडीओपी रोशनी ठाकुर ,तहसीलदार अभिषेक पांडे एवं थाना प्रभारी गौरव बाजपेई की उपस्थिति में आयोजित की गई.बैठक में हिंदू-मुस्लिम और जैन समुदाय के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए. जिसमें एसडीओपी मनीष जैन ने कहां की डीजे धोनी सीमित रहे विसर्जन स्थल से बच्चों को दूर रखा जाए सभी चल समारोह कार्यक्रमों की अनुमति तहसील एवं थाने से ली जाए मूर्ति विसर्जन समिति द्वारा सुरक्षा के साथ किया जाए। बैठक में सीसीटीवी कैमरा, नगर की ट्रैफिक व्यवस्था एवं प्रशासन और जनता के बीच सद्भाव का माहौल बनाने पर चर्चा की गई.एसडीओपी रोशनी सिंह ने कहां कि इन पर्वों के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे.थाना प्रभारी गौरव बाजपेई ने कहा कि प्रत्येक बड़ी झांकी पर एक पुलिस जवान मौजूद रहेगा.बेहतर विद्युत व्यवस्था के लिए विद्युत कंपनी के कर्मचारियों को निर्देश दिए गए.इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि अखिलेश पंथी जनपद सदस्य प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह ठाकुर जैन समाज अध्यक्ष राकेश सिघंई नईम कुरैशी शैलेंद्र चौधरी गिरिराज किशोर दीक्षित आरती चौधरी गुफरान खान अकबर अली असलम अली आदि नागरिक मौजूद रहे.